प्रादेशिक समाचार
दिनांक–24.10.2025 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. रांची के मोरहाबादी मैदान में चौथी दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स महासंघ (सैफ) चैंपियनशिप का उद्घाटन समारोह शुरू, कुछ देर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे शुभारंभ।
2. घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर पुलिस महानिरीक्षक ने केंद्रीय और राज्य पुलिस बल की तैयारियों की समीक्षा की, वहीं बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारी का तहत सीमावर्ती जिलों में बिहार–झारखंड पुलिस अधिकारियों ने की बैठक।
3. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिलाधिकारियों के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण की तैयारियों की समीक्षा की, 2003 की सूची से फैमिली ट्री बनाकर त्रुटि रहित मैपिंग और डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रखने के दिए निर्देश।
4. पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने हेमंत सरकार पर आदिवासियों की जमीन बचाने में असफल होने और पेसा कानून लागू न करने के लगाए आरोप,कहा– राज्य सरकार पूरी तरह कमजोर और असफल।

और

5. चार दिवसीय छठ पर्व कल नहाय–खाय के साथ होगा शुरू होगा, राज्यभर के बाजारों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, जिला प्रशासन की तैयारियां जारी।

****

रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में चौथी दक्षिण एशियाई एथलेटिक्स महासंघ – सैफ चैंपियनशिप का उद्घाटन समारोह जारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज इस तीन दिवसीय चैंपियनशिप का उद्घाटन करेंगे। गौरतलब है कि इस चैंपियनशिप में छह देश – भारत, श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश, भूटान और मालदीव के 206 एथलीट भाग लेंगे। ये एथलीट 37 विभिन्न स्पर्धाओं में कुल 111 पदकों के लिए खेलेंगे।

****

घाटशिला विधानसभा उप–चुनाव के मद्देनजर आज पुलिस महानिरीक्षक डॉ. माईकलराज एस. ने रांची में केंद्रीय सुरक्षा बल और राज्य पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, आवासन और सुरक्षित आवाजाही की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में बलों के आपसी समन्वय और चुनाव ड्यूटी के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। पुलिस मुख्यालय में आयोजित बैठक में संबंधित उच्च अधिकारियों ने भी भाग लेकर चुनाव व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए दिशा–निर्देश दिए।

****

बिहार विधानसभा आम निर्वाचन को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए झारखंड और बिहार के सीमावर्ती जिलों के पुलिस पदाधिकारियों की अंतरराज्यीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपराधियों, असामाजिक तत्वों और नक्सलियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने, अवैध शराब, मादक पदार्थ और हथियार के अंतरराज्यीय संचारण पर रोक लगाने और चेक पोस्ट की समीक्षा करने का निर्णय लिया गया।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी जिलों के जिला निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की तैयारी पर ऑनलाइन बैठक की। उन्होंने कहा कि वर्तमान मतदाता सूची को 2003 की सूची से फैमिली ट्री बनाकर त्रुटि रहित मैपिंग सुनिश्चित की जाए।

मतदाताओं के पैतृक विवरण की सही मैपिंग के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने और बीएलओ ऐप के माध्यम से कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही 2003 और वर्तमान मतदाता सूची के दस्तावेजों को डिजिटल और नॉन–डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने का भी निर्देश दिया गया।

****

बोकारो में वित्त मंत्रालय की पहल से "आपकी पूंजी आपका अधिकार" अभियान के तहत बैंकों में वर्षों से पड़ी राशि की निकासी के लिए जागरूकता अभियान शुरू किया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा ने इस अभियान का शुभारंभ किया और बताया कि 2014 में शुरू हुए इस अभियान का लाभ अब तक जागरूकता के अभाव में नहीं मिल पाया। उन्होंने कहा कि बैंक और वित्तीय संस्थाएं लोगों को सही हकदार तक राशि पहुंचाने के लिए सक्रिय हुई हैं।

साउंड बाइट – डीसी बोकारो ऑन बैंक – 21 सेकेंड

****

चतरा में स्वास्थ्य विभाग के मिशन डायरेक्टर शशि प्रकाश झा ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर दवा स्टॉक, आपूर्ति और खर्च में अनियमितताओं की जांच शुरू की। उन्होंने पिछले तीन माह के दवा ऑर्डर, वास्तविक आपूर्ति और खर्च का विस्तृत डाटा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया और स्टोर की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए।

****

नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई, जिससे देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ। आज, पेश है हमारी संवाददाता की एक रिपोर्ट हैं कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार कर्नाटक की अर्थव्यवस्था को कैसे बढ़ावा दे रहे हैं।

साउंड बाईट – जीएसटी रिपोर्ट ऑन कर्नाटक – 1 मिनट 20 सेकेंड***************

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने हेमंत सरकार पर आदिवासियों की जमीन नहीं बचाने और पेसा कानून लागू न करने के गंभीर आरोप लगाए। आज जमशेदपुर में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वृद्धा पेंशन कई महीनों से रुकी हुई है और मइया योजना विधानसभा–वार असमान रूप से दी जा रही है। उन्होंने घाटशिला उपचुनाव में जीत पर विश्वास जताते हुए कहा कि सरकार पूरी तरह कमजोर और असफल है।

****

आस्था और सूर्या उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ कल नहाय–खाय के साथ शुरू होगा। सोमवार को अस्ताचलगामी तथा मंगलवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर पर्व संपन्न होगा। इधर सरायकेला खरसावां के उपायुक्त नितिश कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने आदित्यपुर और आरआईटी स्थित छठ घाटों का निरीक्षण कर घाटों की साफ–सफाई, जल व्यवस्था, प्रकाश और सुरक्षा तंत्र का जायजा लिया।

****

पाकुड़ जिले में नाबार्ड द्वारा ग्रामीण इलाकों की बंजर भूमि को खेती योग्य बनाकर किसानों को आजीविका मुहैया कराने के साथ ही मिट्टी एवं जल सरक्षण के लिए जागरूक किया जा रहा है।

****

जमशेदपुर के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने रिंकू सेठ गिरोह के चार अपराधियों को गिरफ्तार कर एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा बरामद किया है।

*******समाप्त********